>

Title: Need to take action against D.M., Allahabad, Uttar Pradesh for not convening meeting of Vigilance Monitoring Committee**.**

श्री रेवती रमन सिंह : सभापति महोदय, मैं जिस विषय पर बोलना चाहता हूं वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मान्यवर, सदन के द्वारा जो धन प्रदेश सरकारों को दिया जाता है और वह धन जिलों में जाता है, उसके लिए मॉनिटिरिंग ऑफ विजिलेंस कमेटी बनी हुई है। मॉनिटिरिंग ऑफ विजिलेंस कमेटी की मीटिंग हर तीन महीने में एक बार अवश्य होनी चाहिए, ऐसा भारत सरकार का जीओ है। लेकिन इलाहाबाद में पिछले 9 महीने से, हमारे बार-बार कहने के बावजूद, मॉनिटिरिंग कमेटी की मीटिंग नहीं बुलाई गयी है। डीएम ने तीन बार तय किया है और डीएम ही उसके सचिव हैं। मैंने स्पीकर साहब से आग्रह किया था और उन्होंने यहां से डायरेक्शन देने के लिए आश्वासन भी दिया था। अगर मॉनिटिरिंग कमेटी की मीटिंग 9 महीने में एक बार भी न हो पाये, तीन बार मीटिंग तय होने के बावजूद भी न हो पाये, तो इसका क्या फायदा है? इसलिए मैं मांग करता हूं कि इस कमेटी को भंग कर दिया जाना चाहिए। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप सरकार को निर्देश दें कि सरकार इस पर कार्यवाही करे। चाहे इधर के मैम्बर हों या उधर के मैम्बर हों, सब इस पर सहमत हैं।

MR. CHAIRMAN: Hon. Members Shri Shankhlal Majhi, Shri Rajnarayan Budholia and Shri Hari Kewal Prasad are associated on the matter raised by Shri Rewati Raman Singh.